# अंतर्राष्ट्रीय माइग्रेशन आउटलुक, 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

अंतर्राष्ट्रीय माइग्रेशन आउटलुक 2023, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD), लैटिन अमेरिका, जलवायु-प्रेरित विस्थापन

## मेन्स के लिये:

**भारत में आंतरिक या अंतर-राज्य विस्थापन और प्रवासन के साथ OECD देशों में प्रवास की समानता एवं अंतर्संबंध।**

स्रोत: डाउन टू अर्थ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में दुनिया भर में प्रवासन प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने के लिये आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन पैटर्न पर अंतर्राष्ट्रीय माइग्रेशन आउटलुक, **2023** नामक एक रिपोर्ट जारी की गई।

## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:

- **OECD देशों में प्रवास के मामले में भारत अग्रणी:**
  - वर्ष 2021 और 2022 में भारत चीन को पछाड़कर OECD देशों में प्रवास का प्राथमिक स्रोत बन गया।**दोनों वर्षों में 0.41 मिलियन नए प्रवासियों के साथ** भारत लगातार सूची में शीर्ष पर रहा, **जबकि चीन में 0.23 मिलियन नए प्रवासी रहे,** इसके बाद लगभग 200,000 नए प्रवासियों के साथ रोमानिया का स्थान है।
- **जलवायु-परिवर्तन प्रेरित विस्थापन तथा नीति प्रतिक्रियाएँ:**
  - यह रिपोर्ट हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन से प्रेरित विस्थापन के लिये नीतिगत प्रतिक्रियाओं की ओर बढ़ते आकर्षण पर प्रकाश डालती है। कुछ OECD देशों के पास इस मुद्दे के समाधान हेतु स्पष्ट नीतियाँ हैं।
  - विशेष रूप से **कोलंबिया ने अप्रैल 2023 में एक अग्रणी विधेयक पर चर्चा शुरू की** , जिसका उद्देश्य आवास, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा एवं एक राष्ट्रीय रजिस्टर के लिये व्यापक परिभाषा तथा प्रावधानों के साथ जलवायु-विस्थापित व्यक्तियों को पहचानना और उनको सहायता प्रदान करना है।
- **रिकॉर्ड संख्या में शरणार्थियों का अंतर्वाह और श्रमिक प्रवासन:**
  - रूस-यूक्रेन युद्ध **के कारण OECD क्षेत्र में रिकॉर्ड संख्या में शरणार्थियों का अंतर्वाह हुआ** , जिसमें 10 मिलियन से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित होकर शरणार्थी बन गए। भारत, उज़्बेकिस्तान और तुर्की से श्रमिकों के प्रवासन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे वे यूक्रेन के बाद प्रवासन वाले प्रमुख देश बन गए।
- **अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन में हालिया रुझान:**
  - सभी शीर्ष चार गंतव्य देशों (**संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम तथा स्पेन**) में वर्ष-दर-वर्ष 21% से 35% के बीच बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन में वृद्धि दर्ज की गई। पाँचवें गंतव्य देश कनाडा में यह वृद्धि दर कम (8%) रही।
  - अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में **1.05 मिलियन नए स्थायी प्रवासी हैं** और अन्य चार देशों में प्रवासियों की संख्या 440,000 से 650,000 के बीच है।
- **मुख्य श्रेणियों द्वारा स्थायी-प्रकार का प्रवासन:**
  - वर्ष 2022 में पारिवारिक प्रवास नए स्थायी प्रवासियों के लिये प्रवास की सबसे बड़ी और प्राथमिक श्रेणी रही है, जिसने सभी स्थायी प्रवासनों का 40% प्रतिनिधित्व किया है, यह आँकड़ा समय के साथ अपेक्षाकृत स्थिर हिस्सेदारी दर्शाता है।
  - समय के साथ **श्रमिक प्रवासन** का क्षेत्र बढ़ा है। वर्ष 2022 में **श्रमिक प्रवासन स्थायी प्रकार के प्रवासन का 21% था और वर्ष 2019 में यह केवल 16% था।**
  - इसके विपरीत **मुक्त आवाजाही प्रवासन** (EU-EFTA देशों के अंतर्गत और ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूज़ीलैंड के बीच) की हिस्सेदारी में वर्ष 2020 के बाद से कमी आई है। यह **वर्ष 2022 में स्थायी प्रकार के प्रवासन का 21% था, जबकि वर्ष 2019 में यह 28% था।**

## Migration to OECD countries is at a record high

Permanent migration to the OECD, 2018-22, in millions




With more than 6 million new permanent immigrants (not including Ukrainian refugees), permanent-type migration to OECD countries reached a record level in 2022.

## The Ukrainian refugee crisis is the largest displacement in Europe since WWII

Total number of refugees from Ukraine, June 2023, millions




OECD countries have provided refuge to about 5 million people fleeing Ukraine.

## Increase in labour migration in response to labour shortages in many countries

Permanent migration to the OECD
By category of entry, in millions




Labour migration comprised 21% of all migration in 2022, a rise of 36% since 2021. Family migration also increased by 15%.

## Migrant employment rates are at the highest levels in over two decades

Migrant employment rates are at their highest ever levels in more than half of OECD countries and the gap with the native-born is also narrowing.

Employment rates, 2022

| | Foreign-born | Native-born |
|---|---|---|
| New Zealand | 82.7 | 78.3 |
| Australia | 77.2 | 77.6 |
| UK | 75.8 | 75.5 |
| Canada | 75.2 | 75.8 |
| US | 72.6 | 69.4 |
| Korea | 67.8 | 69.3 |
| EU 27 | 66.8 | 70.3 |

## Migrant fertility has little effect on overall population levels in majority of countries

Total Fertility Rate (TFR), 2020 or latest year available




The fertility rate among migrant women is higher than among native-born women in most OECD countries, but below the replacement rate (2.1) in two-thirds of them.

## Immigrant mothers face greater challenges compared to native-born mothers

Employment rates across OECD countries, 2021




Across OECD countries, the gap in employment rates between immigrant and native-born mothers is 20 percentage points.

//

# आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation and Development- OECD)

- **परिचय:**
    - OECD एक **अंतरसरकारी आर्थिक संगठन** है, जिसकी स्थापना आर्थिक प्रगति और विश्व व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।
    - अधिकांश OECD सदस्य उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका **मानव विकास सूचकांक (HDI)** बहुत अधिक है और उन्हें विकसित देश माना जाता है।
- **नींव:**
    - इसकी स्थापना वर्ष 1961 में **पेरिस, फ्राँस में मुख्यालय की स्थापना के साथ की गई थी और इसमें कुल 38 सदस्य देश हैं।**
    - OECD में शामिल होने वाले सबसे हालिया देश अप्रैल 2020 में **कोलंबिया** और मई 2021 में **कोस्टा रिका** थे।
    - **भारत इसका सदस्य नहीं है, बल्कि एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है।**
- **OECD द्वारा रिपोर्ट और सूचकांक:**
    - सरकार एक दृष्टि में
    - OECD बेहतर जीवन सूचकांक।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष प्रश्न

**?????:**

**प्रश्न. "शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं लौटाया जाना चाहिये जहाँ उन्हें उत्पीड़न अथवा मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ेगा"। खुले समाज और लोकतांत्रिक होने का दावा करने वाले किसी राष्ट्र के द्वारा नैतिक आयाम के उल्लंघन के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिये। (2021)**

**प्रश्न. बड़ी परियोजनाओं के नियोजन के समय मानव बस्तियों का पुनर्वास एक महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक संघात है, जिस पर सदैव विवाद होता है। विकास की बड़ी परियोजनाओं के प्रस्ताव के समय इस संघात को कम करने के लिये सुझाए गए उपायों पर चर्चा कीजिये। (2016)**

**प्रश्न. पिछले चार दशकों में भारत के अंदर और बाहर श्रम प्रवास के रुझानों में बदलाव पर चर्चा कीजिये। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-migration-outlook-2023